नैक द्वारा ग्रेड प्राप्त

महावि.कोड क्र.–1203

# कार्यालय प्राचार्य

## शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा

## जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) 493118

PH:07726-220312 Website: www.gnapgcollege.in Email: govtgnapgcollege@gmail.com

क्रमांक/299/निविदा/2026 भाटापारा, दिनांकः 12/02/2026

### //निविदा आमंत्रण//

महाविद्यालय में अनुपयोगी रद्दी का विक्रय किया जाना है। अतः सामग्रियों के विक्रय मूल्य निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 26/02/2026 तक महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा पत्रवाहक के हस्ते निम्नलिखित शर्तों के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

**निविदा की सामान्य नियम एवं शर्त**

1. महाविद्यालय में दिनांक 26/02/2026 अपरान्ह 05.00 बजे तक प्राचार्य, शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा के नाम से महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये निविदा प्रपत्र में ही पूर्ण रूप से भरी एवं सील बंद निविदा रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर/हस्तगत से प्राप्त होना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निविदा प्राप्त होने में डाक से होने वाले विलंब की जवाबदेही महाविद्यालय की नहीं होगी। जो भी निविदा निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं की जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर सील सहित हस्ताक्षर निविदाकर्ता को करना होगा। निविदाकर्ता को सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र नियम शर्तों सहित जो कि महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया है। (नियम शर्तों के प्रत्येक पृष्ठो में सील सहित हस्ताक्षर करते हुए) आवश्यक रूप से जमा करना होगा।
3. निविदा दर स्वीकृत होने पर महाविद्यालय द्वारा निविदाकर्ता को लिखित सूचना प्रेषित किये जाने के दिनांक से एक सप्ताह के अंदर रू. 50/– स्टाम्प पेपर के साथ अनुबंध हेतु निविदाकर्ता को महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा।
4. वर्गीकृत रद्दी कागज का तौल इलेक्ट्रानिक धरमकांटा में महाविद्यालय द्वारा गठित समिति के समक्ष किया जायेगा।
5. निविदाकर्ता को निविदा के साथ ही यह प्रमाणपत्र/वचन पत्र भी संलग्न करना होगा कि उसके द्वारा क्रय की जाने वाली समस्त रद्दी कागजों व अन्य रद्दी कागज का विक्रय महाविद्यालय क्षेत्राधिकार के बाहर कागज निर्माण करने वाली मिल/कंपनी को ही किया जावेगा, अन्यथा की स्थिति में निविदा अमान्य की जा सकती है।
6. प्राचार्य, शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा (छ.ग.) को यह अधिकार होगा कि वह एक या एक से अधिक निविदा स्वीकृत करे या किसी भी समय किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकता है।
7. महाविद्यालय द्वारा प्रदाय किये गये निविदा प्रपत्र में ही निविदाकर्ता अथवा पार्टनर या उनके अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही निविदा की दरें भरी जाकर हस्ताक्षरित हो अन्यथा निविदा निरस्त की जा सकती है।
8. निविदाकर्ता द्वारा महाविद्यालय की समस्त शर्तों के अनुपालन के साथ अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् महाविद्यालय के विक्रय आदेश के दिनांक से 10 दिवस के अंदर समस्त रद्दी कागजों को महाविद्यालय से निस्तारित करना होगा। समयावधि में निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण नहीं करने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा अन्य किसी फर्म को विक्रय करने अथवा अन्य किसी भी प्रकार का निर्णय लिये जाने के लिये महाविद्यालय का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
9. महाविद्यालय के पास यह अधिकार सर्वथा सुरक्षित रहेगा कि निविदा में उल्लेखित किसी भी कार्य को संपादित कराने अथवा बिना कोई कारण बताये महाविद्यालय हित में ऐसे किसी भी कार्य को कराने से मना कर सकता है।

प्राचार्य
12/02/26

प्राचार्य
शा. ग. अ. स्ना. को. महाविद्यालय भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

# रद्दी क्रय निविदा प्रपत्र

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, भाटापारा (छ.ग.)

विषयः– रद्दी क्रय की निविदा प्रस्तुत करने विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषय से संबंधित दिनांक.......................के संबंध में निवेदन है कि, मुझे रद्दी क्रय हेतु महाविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई निविदा की समस्त शर्त मान्य है। अतः रद्दी क्रय हेतु मैं अपनी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। मैं विक्रय आदेश प्राप्त होने के पश्चात् अधिकतम 10 दिवस के अंदर आदेशित सम्पूर्ण रद्दी/अनुपयोगी कागज उठाने का कार्य पूर्ण करूंगा। मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई रद्दी क्रय की दर महाविद्यालय की समस्त नियम एवं शर्तों के अधीन है।

1 निविदाकर्ता फर्म का नाम एवं पूर्ण पता..............................................................................
..............................................................................

2 निविदाकर्ता का नाम..............................................................................

3 वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी फर्म का वैध/जीवित पंजीयन क्र. ..............................................
(प्रमाण पत्र की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है)

4 पैन नम्बर (छाया प्रति संलग्न करें)..............................................................................

5 जी. एस. टी. पंजीयन क्रमांक..............................................................................

**अनुपयोगी रद्दी क्रय की दर निम्नानुसार देवें :–**

| क्र. | अनुपयोगी रद्दी का विवरण | दर प्रति कि.ग्रा में (रूपये अक्षरों एवं शब्दो में) | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुपयोगी कॉपी | अक्षरों में..............................<br>शब्दों में.............................. | |
| 2 | अनुपयोगी पुठ्ठा | अक्षरों में..............................<br>शब्दों में.............................. | |
| 3 | अनुपयोगी पेपर/उ.पु. | अक्षरों में..............................<br>शब्दों में.............................. | |

## //घोषणा पत्र//

मैं ..........................................फर्म का नाम..................................................घोषणा करता है कि, निविदा की सभी शर्ते का अध्ययन कर लिया हूँ निर्धारित शर्तो के अधीन मैं निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। मेरे द्वारा दिये गये समस्त जानकारी तथा दस्तावेज सही है, गलत पाये जाने पर मेरी निविदा स्वमेव निरस्त माना जावेगा।

दिनांक–

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर..............................
निविदाकर्ता का नाम..............................
पता..............................
दूरभाष क्रमांक..............................